## महत्वपूर्ण एवं खास

### खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार हेतु घरघोड़ा में कार्यशाला 28 फरवरी को

रायगढ़, 26 फरवरी 2020/ छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार हेतु 28 फरवरी 2020 को विकासखण्ड घरघोड़ा में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा कार्यशाला में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के बारे में शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं एवं रियायतों के संबंध में जानकारी दी जाएगी। विकासखण्ड घरघोड़ा में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने हेतु इच्छुक उद्यमी 28 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से जनपद पंचायत सभाकक्ष घरघोड़ा में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### ओलावृष्टि पर सरकार गंभीरः मुख्यमंत्री ने कलेक्टर से दूरभाष पर की चर्चा

**रायपुर।** बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण बलरामपुर जिले के रामचन्द्रपुर और बलरामपुर विकासखण्ड में किसानों के फसलों एवं सब्जियों को नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा से फोन पर बात की और फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कर किसानों को उचित मुआवजा देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने बताया कि राजस्व, कृषि और उद्यानिकी विभाग की संयुक्त टीम प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर सर्वे का कार्य कर रही है। तहसीलदारों को पटवारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर निर्धारित राजस्व नियमों के अनुसार सर्वे का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने ओलावृष्टि से प्रभावित बलरामपुर विकासखण्ड के डौरा और डुमरखोला क्षेत्र का दौरा कर किसानों से चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार किसानों को आश्वस्त किया है कि पूरा शासन-प्रशासन उनके साथ है। फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति दी जाएगी। कलेक्टर ने जानकारी दी है कि प्राकृतिक आपदा के फलस्वरूप फसलों की क्षति होने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में निहित प्रावधानों के अनुसार आर्थिक सहायता दी जाती है। चूंकि जिले में प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों को नुकसान पहुंचा है, सर्वे उपरांत प्रावधानों के तहत् किसानों को उचित मुआवजा राशि प्रदान किया जाएगा।

### सरल भाषा में प्रशिक्षण देने से बात अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैः जितेन्द्र शुक्ला

» प्रत्येक प्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्ण हो

**रायपुर।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण (SLMA) के संचालक एवं सदस्य सचिव, प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा और संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् श्री जितेंद्र शुक्ला ने 'गढ़बों डिजिटल छत्तीसगढ़' मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक के अंतर्गत आज तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित ई-एजुकेटर्स से कहा कि प्रशिक्षण सरल भाषा में देने से बात अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण हो इसके लिए प्रशिक्षण ले रहे ई-एजुकेटर्स का ऑनलाइन टेस्ट लिया जाएगा। सभी के प्रयास से ''गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़'' कार्यक्रम को देश में अव्वल नंबर का कार्यक्रम बनाना है। ''गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़'' मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत छत्तीसगढ़ के रिसोर्स पर्सन व ई-एजुकेटर्स का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 26 से 28 फरवरी 2020 तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर किया गया हैं।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य खिलेश्वरी किरण 27 फरवरी को करेंगी प्रकरणों की सुनवाई

» आयोग को मिले 17 प्रकरणों की होगी सुनवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती खिलेश्वरी किरण 27 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष जगदलपुर में सुबह 11 बजे से विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। आयोग को बस्तर जिले से सुनवाई के लिए 17 मामले मिले हैं। बस्तर की जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने आयोग में शिकायत दर्ज कराने वाले सभी व्यक्तियों से सुनवाई हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष जगदलपुर में निर्धारित समय में उपस्थित होने को कहा है।

# नशे के कारोबार में शामिल दो भाई कोरेक्स परिवहन करते गिरफ्तार

» आरोपियों से रू. 1,50,000 का 500 नग कोरेक्स बरामद » 2 माह पहले जमानत पर रिहा हुआ है एक आरोपी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर सरिया पुलिस अपने क्षेत्र में नशीली सामग्रियों की तस्करी को पूर्णतः निषेधित करने अग्रसर रही है।

इसी क्रम में सरिया टी.आई. निरीक्षक आशीष वासनिक को उसके विश्वसनीय मुखबीर द्वारा दिनांक 25.02.2020 के रात्रि ओडिशा के रास्ते से होकर प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप काफी मात्रा में अवैध रूप से परिवहन किए जाने की सूचना दिया गया जिस




पर थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक वासनिक द्वारा अपने स्टाफ को चिन्हित स्थानों पर नाकेबंदी लगाने निर्देशित किए। सक्रिय मुखबीर से रात्रि लगभग 11:00 बजे पुनः सूचना मिलने पर ग्राम रिसोडा उड़ीसा बरमकेला मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल से आते आरोपी 1 - संजय पिता ठंडा राम शाह 34 वर्ष 2-विजय पिता ठंडा राम शाह 30 वर्ष निवासी ग्राम कंठी पाली थाना सरिया जिला रायगढ़ जो

दोनो सगे भाई है। आरोपी विजय 2017 में थाना सरायपाली जिला महासमुंद के कोरेक्स के मामले में जेल जा चुका है। करीब 02 महीने पहले ही जमानत पर रिहा हुआ है। आरोपियों से 01 लाख 50 हजार कीमती 500 नग प्रतिबंधित कोरेक्स सिरफ ,एक मोटरसाइकिल को सरिया पुलिस द्वारा अपने कब्जे में लिया गया है। आरोपीगण बरगढ़ उड़ीसा से कोरेक्स सिरफ परिवहन कर छत्तीसगढ़ ला रहे थे। आरोपियों के विरुद्ध थाना सरिया में अपराध क्र - 13/2020 धारा 21,22 एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सरिया व उनकी टीम की महती भूमिका रही है।

## मंत्री कवासी लखमा को केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने दिया अवार्ड

» उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ दूसरे नम्बर पर



**रायपुर।** उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ दूसरे नम्बर पर। मंत्री श्री कवासी लखमा को केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गड़करी ने दिया अवार्ड।

अवार्ड लेकर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के पास पहुंचे मंत्री श्री कवासी लखमा। श्री लखमा ने मुख्यमंत्री को सौंपा अवार्ड। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने दी बधाई। मंत्री श्री लखमा ने कहा अवार्ड मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व का नतीजा।

## मोदीपारा जुआ फड़ पर कोतवाली पुलिस की रेड, 12 जुआडी पकड़ाये

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एस.एन. सिंह के नेतृत्व में दिनांक 25.02.2020 को कोतवाली



पुलिस द्वारा मोदीपारा में काटपत्ती जुआ होने की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां 03 जुआ फड से पुलिस ने 1. भागवत दास 2 तुलसी नागवंशी 3. विनोद नागवंशी एवं 4. लक्ष्मण दास तथा दूसरे फड पर 1. दुर्गा प्रसाद सिंह 2. मुकेश अग्रवाल 3. सियाराम भगत 4. प्रतिश सिंह एवं एक अन्य फड पर 1. सागर विश्वकर्मा 2 फुल सिंह निषाद 3. शेखर सिंह यादव एवं 4. संतराम साहू को पकड़े। जिनके पास से जुमला रकम 6800 रूपये तास पती जप्त किया गया है।आरोपियों पर थाना कोतवाली में 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### रायपुर स्मार्ट सिटी की बैठक में सांसद सुनील सोनी ने दिए निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा के सांसद सुनील सोनी ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों की बैठक लेकर नवाचारों के साथ ही शहर के लिए पाइप लाइन और ड्रेनेज सिस्टम मैप तैयार करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में शहर विकास में विशेषज्ञों की भागीदारी प्राप्त करने उन्होंने शहर के प्रख्यात वास्तुविदों, चिकित्सकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट तकनीकी अनुभव रखने वाले नागरिकों का सिटी टेक्निकल ग्रुप बनाने सुझाव भी दिया।

## राजधानी रायपुर के शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुए दक्षिण बस्तर जिले के स्कूली बच्चे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के शैक्षणिक भ्रमण पर दक्षिण बस्तर (दंतेवाड़ा) जिले के स्कूली बच्चे रवाना हुए। इस 96 सदस्यीय दल में 87 स्कूली छात्र-छात्रायें तथा 9 शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित हैं। जिसमें दूरस्थ कटेकल्याण ब्लाक अंतर्गत माध्यमिक शाला बेंगलूर में अध्ययनरत् दिव्यांग छात्र मड्डाराम भी शामिल है।

इस मौके पर कमिश्नर बस्तर संभाग श्री अमृत कुमार खलखो, पुलिस महानिरीक्षक



बस्तर रेंज श्री पी. सुंदरराज, मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त श्री मोहम्मद शाहिद, डीआईजी सीआरपीएफ श्री डी. एन. लाल, कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव और सीईओ जिला पंचायत श्री सच्चिदानंद आलोक ने आज हरी झंडी दिखाकर स्कूली बच्चों के बस को रवाना किया। इस दौरान सहायक संचालक स्कूल शिक्षा श्रीमती अहिल्या ठाकुर ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों सहित सक्षम संस्था के दिव्यांग बच्चों को राजधानी रायपुर के शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा जा रहा है।

## जनगणना 2021 के संबंध में दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ

» दो चरणों में संपन्न होगी जनगणना

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** भारत की जनगणना 2021 की तैयारी के संबंध में 26 एवं 27 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रारंभ हुई। जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर के जनगणना अधिकारी लक्ष्मण मुखी एवं मृगेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा जिले के समस्त चार्ज अधिकारियों को जनगणना कार्य के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनगणना अधिकारी लक्ष्मण मुखी द्वारा बताया गया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में संपादित होगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना तथा एन.पी.आर.अद्यतीकरण का कार्य 25 अप्रैल से 10 जून 2020 के मध्य संपादित किया जायेगा। द्वितीय चरण



में जनसंख्या गणना का कार्य 9 फरवरी से 28 फरवरी 2021 तक किया जाएगा। जनगणना 2021 में पहली बार प्रगणकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से आकड़ें एकत्रित किये जायेंगे। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर चार्ज अधिकारियों को जनगणना तथा एनपीआर अद्यतीकरण कार्य की प्रारंभिक जानकारी, कानूनी प्रावधान, जनगणना से जुड़े अधिकारी व प्रगणकों की भूमिका तथा जिम्मेदारियां, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों का सूपरवाईजरी मैप तथा नजरी नक्शा बनाना, चार्ज रजिस्टर, ग्राम एवं नगर रजिस्टर बनाना तथा मोबाइल एप के द्वारा जानकारी संकलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, एसडीएम सारंगढ़ चंद्रकांत वर्मा, आयुक्त नगर निगम राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, एसडीएम रायगढ़ आशीष देवांगन, एसडीएम लैलूंगा अभिषेक गुप्ता, जिला जनगणना अधिकारी सुश्री अभिलाषा पैंकरा, मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल व अनिल गुप्ता, एस.सी.सिंह सहित जिले के समस्त तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी व चार्ज अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## घर में शराब बिक्री के लिखे रखे होने की सूचना पर तमनार पुलिस की रेड



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना तमनार में दिनांक 25.02.2020 को कार्यरत उप निरीक्षक एस.के. दुबे एवं हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 25.02.2020 के दोपहर ग्राम झींकाबहाल में रहने वाले घुराउ सिदार पिता गोविंद सिदार उम्र 40 वर्ष साकिन झींकाबहाल थाना तमनार के घर छापेमारी किया गया। आरोपी के घर परछी में 05 लीटर महुआ से निर्मित हाथ भट्ठी शराब रखा हुआ मिला। आरोपी के विरूद्ध थाना तमनार में धारा 34(2), 59(क) छ.ग. आब. अधि. के तहत कार्यवाही किया गया है।

## विषय-विशेषज्ञों द्वारा उद्यमियों को दी गई जानकारी

» बौद्धिक सम्पदा अधिकार (इंटलेक्चुअल अल प्रापर्टी राईट) पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय, एमएसएमई-डीआई रायपुर द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ एवं डिक्की के सहयोग से बौद्धिक सम्पदा अधिकार (इंटलेक्चुअल प्रापर्टी राईट)पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक थे। अध्यक्षता



महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ संजीव सुखदेवे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के विभिन्न पहलुओं जैसे पेटेन्ट, ट्रेडमार्क, इंडस्ट्रियल डिजाइन, कॉपीराईट्स, जियोग्राफिकल इन्टीकेशन आदि पर विस्तृत जानकारी एवं प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया।

इस मौके पर विषय विशेषज्ञ पेटेन्ट अटार्नी इन्टलेक्ट गुडविल, मुम्बई राकेश सोनी द्वारा बौद्धिक सम्पदा अधिकार के विषय में पावर प्वाईंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने बौद्धिक सम्पदा अधिकार के महत्व, इसे प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा कानूनी पहलुओं को उदाहरणों एवं केस स्टडी की सहायता से उपस्थित प्रतिभागियों को बताया।

ओपी जिंदल रायगढ़ के एसोसिएट प्रोफेसर जयप्रकाश रथ द्वारा बौद्धिक सम्पदा अधिकार को किसी भी उद्यम अथवा व्यवसाय का प्रमुख आधार बताया और कहा कि इससे इनोवेशन को बढ़ावा मिलता है।

## कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने राष्ट्रीय कृषि मेला के सफल आयोजन पर दी बधाई

**रायपुर।** कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने रायपुर जिले के तुलसी बाराडेरा में आयोजित त्रिदिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला के सफल



आयोजन पर बधाई दी। साथ ही उन्होने राज्य के कोने-कोने से उत्साह एवं उर्जा के साथ मेले में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले किसानों को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि 23 से 25 फरवरी तक तुलसी बाराडेरा में आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेला में लगभग 55 हजार किसानों द्वारा सहभागिता दी गई। इसमें शासन के 11 विभाग, 5 उपक्रम तथा 93 निजी प्रतिष्ठानों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इसके अलावा 54 कृषक संगठन एफ.पी.ओ. तथा 10 महिला स्वसहायता समूहों द्वारा कृषि उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय कृषि मेला में आधुनिक कृषि यंत्र वेजीटेबल ट्रांसप्लान्टर्स, गन्ना हार्वेस्टर, बूम स्प्रेअर, बेलर, का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कृषकों के सम्मुख किया गया। द्रोण की नवीनतम तकनीक के माध्यम से कीटनाशकों का छिडकाव, सेंसर बेस्ड आटोमेटिक इर्रागेशन सिस्टम, लो कॉस्ट सोलर कोल्ड स्टोरेज तथा सीप से मोती उत्पादन जैसे उन्नत तकनीक का जीवन्त प्रदर्शन भी किया गया। फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में पनीर प्रोसेसिंग, शहद निर्माण, हर्बल गुलाल निर्माण एवं जैविक व्यंजन का प्रदर्शन किया गया। मेले में सुगंधित चांवल, जीराफूल, जवाफूल, ब्लैक राईस, मशरूम, रागी के कुकीज के विक्रय के साथ ही देवभोग के बहुत ही स्वादिष्ट पौष्टिक उत्पाद रबडी, लस्सी, गटपट, खीर का स्वाद भी कृषक बंधुओं के द्वारा लिया गया। उन्नत भैंस सांड करण एवं बादशाह को किसानों द्वारा देखा गया।

» शासकीय कोयले की अफरा-तफरी करने वाले असिस्टेंट मैनेजर एसईसीएल सहित 04 गिरफ्तार

# रायगढ़ एसईसीएल जामपाली के अधिकारियों एवं ट्रांसपोर्टर की मिलीभगत का भंडाफोड़

» 2 ट्रेलर वाहन में लोड 1.50 लाख कीमत का कोयला जप्त, पूंजीपथरा पुलिस की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** विगत कुछ दिनों से पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह को मुखबीर से सूचना मिल रही थी कि एसईसीएल जामपाली घरघोड़ा कोयला खदान के अधिकारी एवं ट्रांसपोर्टरों के द्वारा मिलीभगत कर शासकीय कोयला की चोरी की जा रही है जिसकी सूचना थाना प्रभारी पूंजीपथरा द्वारा पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह को दिया गया ।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा एडिशनल एसपी रायगढ़ अभिषेक वर्मा एवं नगर निरीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर को अपने सुपरविजन में इसकी जांच-पड़ताल कराने के निर्देश दिए । एडिशनल एसपी व सीएसपी के मार्गदर्शन पर पूंजीपथरा पुलिस जांच आगे बढ़ी। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा दिनांक 06.012020 को थाना पूंजीपथरा में इस्तगासा क्रमांक 12020 धारा 41(1+4)/379,34 भादवि के दर्ज प्रकरण के आरोपी सुमन गुप्ता तथा शांतनु दास को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था । मामले में जो 2 ट्रेलर क्रमांक ऑडी 15 जी 1549 एवं वाहन ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 एसी 5001 को कोयला सहित जप्त किया गया था । वाहन ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 एसी 5001 की मालिक साधना प्रसाद निवासी चरोदा भिलाई की है।



इसका वाहन अभी भिलाई में चल रहा है तथा इसके पूर्व उक्त वाहन को त्रिलोचन पटनायक उर्फ बबलू वाहन के कागजात इन दोनों के पास था । आरोपी दिलीप कुमार ने अपने वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 4259 के स्थान पर रजिस्ट्रेशन नंबर में साधना के ट्रेलर सीजी 15- एसी 5001 को नंबर लिखा कर चोरी करने के लिए जामपाली कोयला खदान भेजा गया था जो शासन के अधीन एसईसीएल द्वारा संचालित है।

इन लोगों द्वारा दिनांक 04.02.2020 को खदान में ट्रेलर वाहनों को प्रवेश कराया गया था और चोरी कर कोयला को दोनों ट्रेलर में करीब 60 टन कीमती ?150000 का निकालकर परिवहन कर रहे थे ।दोनों ट्रेलर वाहनों को कोयला सहित जप्त किया गया है तथा दूसरे वाहन का नंबर दूसरे वाहन में लगाकर अपराध घटित करना पाए जाने पर अपराध क्रमांक 12 /2020 धारा 420, 467 ,468 ,120 बी 34 भादवी दर्ज कर विवेचना की जा रही थी।

मामले में आरोपी द्वारा एसईसीएल जामपाली खदान के असिस्टेंट मैनेजर सुमंता कुमारा के सांठगांठ कर शासन के कोयले को चोरी कर अवैध रूप से लाभ कमाना पाया गया तथा दोनों वाहनों की जब्ती होने पर जानकारी मिली कि आरोपी असिस्टेंट मैनेजर सुमांता कुमारा के द्वारा अपने सहयोगी आरोपी छोटू मुंशी एवं यशवंत साहू से मिलकर खदान के गेट पर लगे कैमरे का फुटेज को डिलीट करया गया था जिसमें दोनों वाहनों के प्रवेश एवं कोयला लेकर निकलने के साक्ष्य मौजूद थे। इस प्रकार महत्वपूर्ण साक्ष्य को विलोपित करना पाए जाने पर प्रकरण में धारा 201 ताहि जोड़ी गई।

» योगेश कुमार सिंह उर्फ शंभू खैरवार पिता स्वर्गीय गायत्री लाल खरवार उम्र 27 साल निवासी जयराम नगर कछार थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर हाल मुकाम दिलीप गुप्ता का मकान हनुमान चौक घरघोड़ा व बूम बैरियर ऑपरेटर जाम पाली कोल माइंस

» ईश्वर प्रसाद साहू उर्फ छोटू साहू पिता केशव प्रसाद साहू उम्र 32 वर्ष निवासी कूड़ेकेला थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़

» यशवंत कुमार पिता मिथलेश साहू 21 वर्ष कोसमघाट थाना घरघोड़ा जिला

» सुमांता कुमारा पिता सुखदेव कुमारा उम्र 40 वर्ष निवासी देवगांव थाना ब्रजराजनगर जिला झाड़सुगुड़ा उड़ीसा को आज दिनांक 26.02.2020 को गिरफ्तार कर किया गया है । अन्य आरोपी फरार है । प्रकरण की विवेचना निरीक्षक अमित सिंह थाना प्रभारी पूंजीपथरा द्वारा की जा रही है जिनके साथ पूंजीपथरा के सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम , सउनि जी.पी. बंजारे, आरक्षक बालचंद राव, धर्मेंद्र सिंह, विनोद शर्मा भगवती प्रसाद रत्नाकर की विशेष भूमिका है ।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480